BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-12.02.2025**

◆नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

◆नाबालिग अपहृता सकुशल बरामद

दिनांक-08.01.2025 को थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत वादिनी की नाबालिग पुत्री को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-09/2025 धारा-137(2), 87 बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कर अपहृता की सकुशल बरामदगी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए आज दिनांक-12.02.2025 को उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त समजद उर्फ संजय बंगाली पुत्र केशम उर्फ अब्दुल कासिम निवासी चकमहरम राजारामपुर थाना लालगोला मुर्शिदाबाद पश्चिम हाल पता वार्ड नं0 9 नेहरू नगर सुरियावां थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष को चकमहरम राजारामपुर थाना लालगोला मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।